डाक सेवा के अधिकारियों का एडवांस्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम संपन्न

रांची| आईआईएम रांची में भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के लिए आयोजित ऑन-कैंपस रेसीडेंशियल डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। दो सप्ताह तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नेंतृत्व, प्रबंधन और रणनीतिक निर्णय जैसे विषयों पर प्रतिभागियों के कौशल और क्षमताओं को बढ़ाना था। इस अवसर पर आईआईएम रांची के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, रफी अहमद किदवई नेशनल पोस्टल एकेडमी गाजियाबाद के डायरेक्टर प्रदीप माइकल लाल, प्रो. तनु श्री दत्ता, प्रो. अमरेंदु नंदी आदि उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar_12.02.2023_Pg. 04.